सराहनीय कार्य

इटावा पुलिस

दिनांक 21.01.2025

बिजली के ट्रान्सफार्मर लदे ट्रकों से तेल की चोरी करने वाले 01 अभियुक्त को इटावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार,

कब्जे से चोरी किया गया 650 लीटर ट्रान्सफार्मर तेल, कीप, 02 पाइप किये गये बरामद।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा श्री संजय कुमार के पर्यवेक्षण, अपर पुलिस अधीक्षक नगर इटावा के कुशल मार्गदर्शन, क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर इटावा के नेतृत्व में थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही।

घटना/गिरफ्तारी का संक्षिप्त विवरणः-

जनपद में अपराध एवं आपराधिक गतिविधियों की रोकथाम एवं वाँछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु थाना जसवन्तनगर पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत डूडहा तिराहे के पास संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चैकिंग की जा रही थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कृष्णा ढाबा का मालिक सर्वेश यादव जिन ट्रकों में ट्रान्सफार्मर लोड होते हैं उन ट्रक ड्राइवरों से तेल को सस्ते दामों में खरीदकर मँहगें दामों बेचकर लाभ कमाता है। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुये **अभियुक्त सर्वेश कुमार को कृष्णा ढाबा से गिरफ्तार किया गया।**

पुलिस पूछताछः-

पकड़े गये अभियुक्त से पुलिस टीम द्वारा पूछताछ की गयी तो उसके द्वारा बताया गया कि मेरा ढाबा कम चलता है एवं लोगों का कम आना जाना है केवल ट्रक ड्राइवर चाय पीने आते हैं।

इसी कारण मैं अपने साथियों के साथ मिलकर ट्रक ड्राइवरों से मोलभाव कर सस्ते दामों में तेल लेकर किसानों को मँहगे दामों में बेचकर लाभ कमाता हूँ। साथ ही बताया कि पूर्व में भी मेरे यहाँ से ट्रकों से तेल चोरी किया गया था जिसके सम्बन्ध में थाना जसवन्तनगर पर अभियोग भी पंजीकृत है।

पंजीकृत अभियोगः-

1. मु0अ0सं0 07/2025 धारा 137 भारतीय विद्युत अधिनियम व धारा 317(2) बीएनएस थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

1. सर्वेश यादव पुत्र रामनाथ यादव निवासी ग्राम केवाला थाना जसवन्तनगर जनपद इटावा **उम्र 50 वर्ष।**

बरामदगीः-

1. 04 ड्रम तेल से भरे हुये **(लगभग 650 लीटर ट्रान्स फार्मर तेल)**
2. 01 कीप
3. 02 पाइप रबर

पुलिस टीमः- क्षेत्राधिकारी जसवन्तनगर श्री नागेन्द्र चौबे, निरी0 रामसहाय सिंह प्रभारी थाना जसवन्तनगर, उ0नि0 ललित किशोर चतुर्वेदी, का0 सनोज कुमार, का0 अंकुश कुमार, का0 शीशपाल ।